धनतेरस पर राशि के अनुरूप क्या खरीदे?





संकलन J & V Jain

CONTENT

01 मेष राशि

02 वृषभ राशि

03 मिथुन राशि

04 कर्क राशि

05 सिंह राशि

06 कन्या राशि

07 तुला राशि

08 वृश्चिक राशि

09 धनु राशि

10 मकर राशि

11 कुंभ राशि

12 मीन राशि

1



1. मेष राशि

मेष राशि वालों के लिए शुभ खरीदारी

मेष राशि का स्वामी मंगल है, और तांबा मंगल की मुख्य धातु है धनतेरस के दिन तांबे की धातु के बर्तन, लोटा जग या कोई पुजा का पात्र खरीदना शुभ रहेगा। माँ लक्ष्मी के वास और दरिद्रता निवारण के लिए एक नई झाड़ू और सादा साबुत नमक अवश्य खरीदें। दिवाली के दिन पूजन के लिए लाल रंग की रंगोली और लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्ति खरीदें। आसन के लिए लाल वस्त्र का उपयोग करें, तो घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।

2



2. वृषभ राशि

वृषभ राशि का स्वामी शुक्र है। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी और शुक्र देव की कृपा प्राप्त करने के लिए सफेद चमकदार सौंदर्य से जुड़ी वस्तुएं खरीदना अत्यंत शुभ है। वृषभ राशि के जातक के लिए चमकदार पॉलिश वाले बर्तन, चांदी की मूर्ति या आभूषण खरीदना शुभ रहेगा। अच्छी सुगंध वाला इत्र या सौंदर्य का सामान खरीदना भी लाभकारी होता है। पूजन के लिए सिल्वर और गुलाबी रंग की मूर्ति का चयन करें। इससे घर में आनंद और समृद्धि आएगी। धनतेरस के दिन दरिद्रता निवारण के लिए एक नई झाड़ू और सेंधा नमक जरूर लाएं।

3



३. मिथुन राशि

मिथुन राशि का स्वामी बुध है।मिथुन राशि के लिए काँसे के धातु सबसे उत्तम मानी है। काँसे के बर्तन, दीपक या पूजा की थाली खरीदना विशेष समृद्धि लाता है।

पढ़ाई लिखाई से जुड़ी सामग्री या ज्ञान वर्धक पुस्तके, सुंदर पेन खरीदना भी बुद्धि को मजबूत करता है। हरे रंग के नए कपड़े, घर के परदे या सजावटी सामान लाना शुभ माना जाता है पारंपरिक नियमों के अनुसार धनतेरस के दिन नई झाड़ू और साबुत नमक अवश्य खरीदें। इससे घर में सुख-समृद्धि आएगी।

4



4. कर्क राशि

कर्क राशि का स्वामी चंद्रमा है। धनतेरस पर चंद्रमा के अनुकूल सफेद वस्तु खरीदना शुभ मानी जाती है। चांदी की कटोरी, गिलास, पायल, मोती का पेंडेंट या अंगूठी खरीदना भाग्यवर्धक माना जाता है। रसोई के लिए जल रखने वाले पात्र जैसे लोटा, कलश, पीतल या ताम्बे में खरीदना उत्तम है। शास्त्रीय परंपरा के अनुसार दरिद्रता को दूर करने के लिए नए झाड़ू और साबुत सेंधा नमक को अवश्य लाएं।
इससे घर में सुख-समृद्धि आएगी।

5



5. सिंह राशि

सिंहा राशि के स्वामी सूर्य देव हैं। सूर्य ग्रह के अनुकूल चमकदार अग्नि तत्त्व और पीली या लाल आभा वाली वस्तुओं को खरीदना अत्यंत फलदायी है। सोने के सिक्के, आभूषण या सोने की प्रतिमा खरीदने से समृद्धि बढ़ती है। ताम्बे की पूजा थाली या पीतल के बड़े बर्तन व दीपक खरीदना बेहद शुभ होता है। पूजा के लिए लाल, मरून या सुनहरे गोल्डन बॉर्डर वाले वस्त्र खरीदना शुभ रहता है धन तेरस के दिन दरिद्रता को दूर करने के लिए एक नई झाड़ू और सादा साबुत नमक अवश्य लाएं। इससे परिवार में खुशहाली बनी रहेगी।

6



6. कन्या राशि

कन्या राशि का स्वामी बुद्ध है, जो बुद्धि, वाणी, व्यापार और तर्क शक्ति का कारक ग्रह है। कन्या राशि के लिए काँसे की थाली, कटोरी, पूजा पात्र या घंटी खरीदना धन धान्य में वृद्धि करता है। सोने चांदी के सिक्के, पन्ने से जड़ी अंगूठी, पेंडेंट जैसे हरे रंग के शुभ स्टोन खरीद सकते हैं। पढ़ाई-लिखाई के लिए डायरी या कोई सुंदर पेन खरीदना बुद्धि और कैरियर में उन्नति लाता है। हरे रंगे के कपड़े, चादर और मनी प्लांट या तुलसी का पौधा लाना शुभ माना जाता है। नकारात्मकता और दरिद्रता को दूर करने के लिए एक नई झाड़ू और खड़ा नमक ज़रूर लाएं जिससे घर में सुख-समृद्धि प्राप्त होगी।

7



7. तुला राशि

तुला राशि का स्वामी शुक्र देव है, जो धन, वैभव, सौंदर्य और भौतिक सुख-सुविधा का कारक ग्रह माना जाता है। धनतेरस के दिन शुक्र ग्रह के अनुकूल सफेद चमकदार और सौंदर्य से जुड़ी वस्तुओं जैसे चाँदी के सिक्के, हीरा, थाली, कटोरी, पायल इत्यादि खरीदना अत्यंत लाभकारी रहता है। घर की साज सज्जा के लिए सुंदर पेंटिंग, झूमर, शोपीस खरीदने से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है। माँ लक्ष्मी के वास के लिए नई झाड़ू और साबुत नमक अवश्य खरीदें। इससे घर में सुख-समृद्धि आएगी।

8



८. वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि का स्वामी ग्रह मंगल देव है, जो ऊर्जा, पराक्रम, भूमि और साहस का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस के दिन मंगल ग्रह के अनुकूल धातुओं और लाल आभा वाली वस्तुओं जैसे कि तांबे का लोटा, जग, पूजा की थाली या पात्र खरीदना अत्यंत कल्याणकारी माना जाता है। यदि आप सोना नहीं ले रहे हो तो पीतल के बर्तन, लाल या मरून रंग के वस्त्र खरीदना भी शुभ माना जाता है। धनतेरस के मां लक्ष्मी की कृपा के लिए नई झाड़ू और साबुत सेंधा नमक अवश्य लाएं। इससे घर में सुख-शांति समृद्धि आएगी।

9



९. धनु राशि

धनु राशि का स्वामी गुरु है, जो ज्ञान, धर्म, धन और सौभाग्य का कारक ग्रह माना जाता है। धनु राशि के लिए सोना सबसे शुभ और उत्तम धातु है। गुरु ग्रह के अनुकूल धार्मिक और ज्ञान वर्धक वस्तु, पुस्तक या सुंदर डायरी व पेन खरीदना एवं पूजा के लिए पीले, केसरी रंग के वस्त्र खरीदना मंगलकारी माना जाता है। अच्छी गुणवत्ता वाली केसर और पीली हल्दी खरीदने से भगवान धन्वंतरी की कृपा दिलाती है। मां लक्ष्मी के वास के लिए एक नई झाड़ू और साबूत सेंधा नमक अवश्य लाएं। इससे घर में सुख-शांति समृद्धि आएगी।

10



10. मकर राशि

मकर राशि का स्वामी ग्रह शनि देव है, जो कर्म, अनुशासन, निर्माण और स्थिरता का कारक माना जाता है। धनतेरस के दिन शनि ग्रह और मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए चांदी के सिक्के, प्रतिमा खरीदने से सुख, शांति और समृद्धि में वृद्धि होती है। शनि का मुख्य रत्न नीलम है, तो नीले रंग के स्टोन की अंगूठी या पेंडेंट ले सकते हो। पूजा के लिए गहरे नीले, आसमानी रंग के कपड़े खरीदना शुभ माना जाता है। दरिद्रता को दूर करने के लिए धनतेरस पर नई झाड़ू और सेंधा नमक अवश्य लाएं। इससे परिवार में आनंद का माहौल बना रहेगा

11



11. कुंभ राशि

कुंभ राशि का स्वामी शनि ग्रह है। जो बौद्धिक क्षमता, आधुनिक विचारों और तकनीक से जुड़ी मानी जाती है। धन तेरस के दिन शनि ग्रह के अनुकूल धातुओं, जैसे चांदी के सिक्के, दीपक या आभूषण खरीदने से समृद्धि बढ़ती है। शनि का प्रिय रत्न नीलम है। नीले रंग के शुभ स्टोन की अंगूठी बनवाना भाग्योदय में सहायक होता है। साज सज्जा के लिए लकड़ी या मेटल से बना फर्नीचर लेना भी शुभ माना जाता है। मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए नई झाड़ू और साबुत सेंधा नमक अवश्य लाएं, जिससे परिवार में खुशहाली बनी रहेगी।

12



12. मीन राशि

मीन राशि का स्वामी ग्रह गुरु है, जो ज्ञान, समृद्धि और धर्म का कारक माना जाता है। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए पीली धातुएँ जैसे सोने के सिक्के, पीतल का कलश, पूजा की थाली, पुखराज खरीदना शुभ माना जाता है। गुरु ज्ञान, आध्यात्मिक का कारक है। धनतेरस पर पूजन के लिए केसर और पीली हल्दी खरीदने से भगवान धन्वंतरी को अत्यंत प्रसन्न होते है। दरिद्रता को दूर करने और घर में सकारात्मक ऊर्जा के लिए एक नई झाड़ू और साबुत सेंधा नमक अवश्य लाएं और परिवार में सुख समृद्धि बढ़ाएं।




शुभ धनतेरस

